**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–31.05.2024 (सुबह 08:30 बजे)**

**मुख्य समाचार**

- राज्य में लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में राजमहल, दुमका और गोड्डा में मतदान की तैयारियां पूरी, पोलिंग पार्टियों की रवानगी जारी।
- राज्य की तीन संसदीय क्षेत्रों में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम।
- अंतिम चरण के चुनाव के लिए राज्य में बनाए गए 6 हजार 258 मतदान केंद्र, तिरपन लाख से अधिक मतदाता करेंगे 52 उम्मीदवारों के राजनीतिक भाग्य का फैसला।
- भीषण गर्मी से राज्य में जनजीवन बेहाल, 24 घंटे में लू लगने से 10 से अधिक लोगों की मौत, चतरा, गढ़वा, पलामू जिले के लिए मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट ।

******************

झारखडं में अंतिम चरण में कल होने वाले मतदान की सभी तैयारियां पूरी हो गयी है। इस चरण में राज्य की गोड्डा, दुमका और राजमहल सीट पर वोट डाले जायेगें। मतदान सुबह सात बजे से शुरू होगा और शाम 5 बजे तक चलेगा। जिसमें 53 लाख 24 हजार से अधिक मतदाता 52 उम्मीदवारों के राजनीतिक भाग्य का फैसला करेंगे। अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित राजमहल में 14 और दुमका में 19 उम्मीदवार किस्मत आजमा रहे हैं गोड्डा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से कुल 19 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

******************

लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में राज्य की तीन ससंदीय सीटों के लिए कल होने वाले मतदान के लिए मतदानकर्मियों की रवानगी का सिलसिला जारी है। दुमका में चुनाव की तैयारियों का ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता

गोड्डा और दुमका निर्वाचन क्षेत्र को लेकर हमारे देवघर संवाददाता ने बताया कि जिले के एक हजार दो सौ पैंतालीस मतदान केन्द्र पर पोलिंग पार्टियों का डिस्पैच शुरू हो गया है।

वहीं पाकुड़ के 813 मतदान केंद्रों पर मतदान दल में शामिल कर्मियों को बूथों पर भेजने का काम शुरू हो गया है। समाहरणालय के निकट बनाये गए डिस्पैच सेंटर पर पीठासीन पदाधिकारी को चुनाव सामग्रियां मुहैया कराया जा रही है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी की मौजूदगी में चुनाव सामग्रियों का वितरण किया जा रहा है।

******************

झारखंड में तीन सीटों गोड्डा, दुमका और राजमहल में चुनाव प्रचार कल समाप्त हो गया। अब भाजपा, झामुमो, कांग्रेस, राजद और वामपंथी दलों सहित राजनीतिक दलों के नेताओं ने अपने उम्मीदवारों के पक्ष में वोट डालने का अनुरोध करने के लिए घर–घर अभियान शुरू कर दिया है।

******************

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि राज्य में लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में तीन सीटों पर भयमुक्त चुनाव कराने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने कहा कि तीनों संसदीय क्षेत्रों में वोटिंग के लिए 6 हजार 258 मतदान केंद्र बनाए गए हैं जिसमें 489 शहरी क्षेत्र में और 5769 ग्रामीण क्षेत्र में मतदान केंद्र हैं। तीनों संसदीय क्षेत्रों में कुल मतदाताओं की संख्या 53 लाख 24 हजार 886 है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए मतदान केन्द्रों पर कई उपाय किये गये हैं। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

******************

दुमका संसदीय क्षेत्र अंतर्गत जामताड़ा जिले में अंतिम चरण में 1 जून को होने वाले मतदान को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी कुमुद सहाय ने कल शाम संवादाता सम्मेलन में बताया कि जिले में निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त मतदान संपन्न कराने के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिले के सभी 698 पोलिंग पार्टियों को आज मतदान केंद्र के लिए डिस्पैच किया जाएगा। ईवीएम की जांच कर ली गई है ।पोलिंग बूथों पर बिजली, पेयजल, रैंप सहित अन्य जरूरी सुविधाएं बहाल कर दी गई है। पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी ने बताया कि सभी मतदान केंद्रो पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं।

******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

******************

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के मतदान से पहले फैल रही अफवाहों को खारिज किया है। आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ने से जुड़ी अफवाह देशभर में फैल रही है। इन दावों को खारिज करते हुए श्री राजीव कुमार ने कहा कि कोई भी मतदान प्रतिशत नहीं बढ़ा सकता है क्योंकि उम्मीदवारों और एजेन्टों को फॉर्म 17–सी की प्रतिलिपि उपलब्ध कराई जाती है जिसमें मतदान प्रतिशत का रिकॉर्ड होता है। वोटों से छेड़छाड़ से जुड़ी अफवाहों पर श्री कुमार ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने मतदान प्रतिशत के आंकड़ों और ई वी एम की सभी जानकारी अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर डाल दी है।

******************

गोड्डा लोकसभा चुनाव को लेकर अंतरराज्यीय गोड्डा बांका की सीमा पर स्थित अन्तर्राजीय खटनाई चेकपोस्ट पर सघन जांच की जा रही है। इसी कड़ी में एसडीपीओ ने औचक निरीक्षण किया और चेकपोस्ट पर प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी और दंडाधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए । गोड्डा में एक जून को होने वाले चुनाव में शांति व्यवस्था बनाए रखने और भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने के लिए पुलिस ने कई थाना क्षेत्र में पुलिस थाना प्रभारियों के नेतृत्व में फ्लैग मार्च किया।

******************

केन्द्र सरकार ने सेवानिवृत्ति ग्रेच्युटी और मृत्यु ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा को 20 लाख से बढाकर 25 लाख रुपये कर दिया गया है। कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय ने इस संबंध में आधिकारिक ज्ञापन जारी किया है। इसमें कहा गया कि संशोधित सीमा 1 जनवरी 2024 से लागू होगी।

******************

राज्य में भीषण गर्मी से जनजीवन प्रभावित हो गया है। प्रचंड गर्मी का प्रकोप कल भी जारी रहा। राज्य के 18 जिलों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री से अधिक रहा। राज्य के विभिन्न हिस्सों में लू लगने से 10 से अधिक लोगों की मौत हो गई। इनमें पलामू के पांच समेत सरायकेला, गुमला, गिरिडीह, निरसा और खूंटी शामिल हैं। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची ने आज चतरा, गढ़वा और पलामू में लू को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। बाकी हिस्सों के लिए तीन दिनों तक येलो अलर्ट जारी किया गया है वहीं आज से संताल और कोल्हान में मौसम बदलने की भी संभावना है।

******************

अखबारों की सुर्खियां

लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण के लिए मतदान कल और झारखंड में भीषण गर्मी से बेहाल जनजीवन की खबरों को राजधानी रांची से प्रकाशित अधिकांश अखबारों ने अपने पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

प्रभात खबर लिखता है–जानलेवा गर्मी, झारखंड में 23 और बिहार में 75 लोगों की गयी जान।

जम्मू में उत्तर प्रदेश के श्रद्धालुओं की बस पलटी, 22 मरे, शीर्षक के साथ हिन्दुस्तान ने इसे पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है

दैनिक भास्कर ने लिखा है– आसमान से बरस रही आग, 24 घंटे में 15 लोगों की मौत।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– राज्य की 4 हजार 351 ग्राम पंचायतों में 10– 10 चापाकल लगाने की योजना में भ्रष्टाचार, जांच के आदेश।

वहीं राष्ट्रीय नवीन मेल लिखता है– केरल,पूर्वोत्तर में एक साथ दी मानसून ने दस्तक।

लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण का थमा प्रचार, मतदान कल, अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स और टाइम्स ऑफ इंडिया ने इसे अपनी सुर्खी बनाई है।

******************